| |
|---|
| दिनांक 26.01.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 28/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा गणतन्त्र दिवस–2024 के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया

श्री विजय कुमार, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनांक 26 जनवरी, 2024 को पुलिस मुख्यालय गोमती नगर विस्तार के प्रांगण में **गणतन्त्र दिवस** के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शुभकामनायें देते हुए भारतीय गणतन्त्र दिवस के अवसर पर शपथ दिलायी गयी एवं मुख्यालय में नियुक्त निम्न पुलिस कार्मिकों को पदक से अलंकृत किया गया :–

**'उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह'**

1. श्री नीरज कुमार सिंह, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 लखनऊ ।

**'सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह'**

1. श्री देव प्रकाश, मुख्य आरक्षी, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 लखनऊ

**'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम)**

1. श्री मनोज कुमार, दलनायक/पीएसओ, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ।

**'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड)**

1. श्री चन्द्र प्रकाश मौर्या, कम्प्यूटर आपरेटर, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ ।

**'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर)**

1. श्री तारकेश्वर सिंह, उप निरीक्षक (लिपिक), लॉजिस्टिक्स, उ0प्र0 लखनऊ ।

2. श्री अवध राम राज, प्रधान परिचालक, नियंत्रण कक्ष, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ ।

3. श्री सौरभ बाजपेई, कम्प्यूटर आपरेटर, जी0आर0पी0 मुख्यालय, लखनऊ

4. श्री धर्मेन्द कुमार राय, आरक्षी चालक, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ ।

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उक्त अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा गया कि :–**

प्रिय साथियों,

75वें गणतन्त्र दिवस के पावन अवसर पर आज सम्पूर्ण देश राष्ट्रप्रेम की भावना से अभिभूत होकर गरिमामयी रूप से पूरे हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मना रहा है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी जवान एवं उनके परिवारीजन को हार्दिक बधाई देता हूँ।

26 जनवरी वर्ष 1950 भारतीय इतिहास का गौरवशाली एवं अतिमहत्वपूर्ण दिन था। आज का
दिन हमें राष्ट्रगौरव एवं स्वाभिमान की अनुभूति कराता है, आज ही के दिन भारत देश का संविधान अंगीकृत किया गया तथा देश को प्रभुत्व सम्पन्न लोकतान्त्रिक गणराज्य बनाने का संकल्प लिया गया था।

गणतन्त्र दिवस–2024 के अवसर पर भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के 02 कार्मिकों को वीरता पदक, 07 को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक व 74 को सराहनीय सेवा के लिये पदक प्रदान कर गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर 40 पुलिस कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, 205 पुलिस कार्मिकों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, 445 पुलिस कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (Commendation Disc) एवं 54 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। आप सभी पुलिस कार्मिकों को मेरी ओर से हार्दिक बधाई।

मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में अपराधियों को कम से कम समय में सजा दिलाये जाने हेतु ''आपरेशन कन्विक्शन'' प्रारम्भ किया किया गया। जिसके तहत्

जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी व उनके विरूद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक तथा अभियोजन विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यूनतम समय में अधिक से अधिक सजा दिलायी जा रही है।

प्रदेश की महिलाओं, बालिकाओं, बुजुर्गों, बच्चों आदि को सुरक्षा प्रदान करने हेतु ''आपरेशन त्रिनेत्र'' प्रारम्भ किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण स्थानों यथा– चौराहा/तिराहा, बैंक, स्कूल/कालेज, व्यापारिक प्रतिष्ठान, पेट्रोल पम्प, ग्राहक सेवा केन्द्र, होटल, गेस्ट हाउस, सर्राफा दुकान, धार्मिक स्थल आदि पर आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन/संचालन पूरे प्रदेश के सभी थानों में किया जा रहा है। आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के अन्तर्गत अब तक 09 लाख 06 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन कराया जा चुका है।

मा0 मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं त्वरित निस्तारण व प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु Public Grievance Review Portal लॉन्च किया गया है। Public Grievance Review Portal द्वारा मैन्युअली प्राप्त प्रार्थना पत्रों को डिजिटाइज्ड (Digitized) कर, प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर समयबद्ध एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन–शक्ति' अभियान के अन्तर्गत् एण्टी रोमियो स्क्वॉड को और सक्रिय करते हुये प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारी की नियुक्ति की गयी तथा परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों पर 'महिला साइबर हेल्पडेस्क' स्थापित किये गये हैं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में पी0ए0सी0 महिला पुलिस बटालियनों की स्थापना की गयी है। प्रत्येक जनपद में महिला थाना के अतिरिक्त एक अन्य थाने पर महिला थाना प्रभारी की नियुक्ति की गयी है।

साइबर अपराध की रोकथाम हेतु प्रदेश के समस्त कमिश्नरेट/जनपदों पर साइबर क्राइम थाना संचालित है। साइबर अपराध दर्ज कराने हेतु एनसीआरपी पोर्टल और हेल्पलाइन नम्बर 1930, निरन्तर क्रियाशील है। आधुनिकीकरण के तहत् साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ पर एडवांस साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना की कार्यवाही प्रचलित है।

जनता के सुरक्षार्थ आग से बचाव हेतु प्रदेश के सभी तहसील स्तर पर अग्निशमन केन्द्र स्थापित किये जाने के सापेक्ष 63 अग्निशमन केन्द्रों की स्वीकृति उ0प्र0 शासन से प्राप्त हुयी है, जिनका निर्माण कार्य प्रचलित है।

विवेचनाओं की गुणवत्ता में वृद्धि लाने एवं आधुनिकतम तकनीक से दक्ष वैज्ञानिकों को तैयार करने के उद्देश्य से 'उ0प्र0 राज्य फॉरेन्सिक विज्ञान संस्थान' की स्थापना लखनऊ में की गयी है। इस संस्था में छात्र व छात्राओं द्वारा बड़ी संख्या में अत्यंत उत्साह के साथ प्रवेश लेकर फॉरेन्सिक विज्ञान की शिक्षा ग्रहण की जा रही है।

मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में पुलिस बल को और बेहतर, सक्षम एवं मजबूत बनाने के लिये विगत एक वर्ष में उच्च मापदंडो के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी पुलिस भर्ती प्रक्रिया द्वारा 1,092 आरक्षी एवं समकक्ष, 9,114 उपनिरीक्षक एवं समकक्ष, 1,183 लिपिक वर्ग की भर्ती उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं कुशलता के साथ की गयी। वर्तमान में 79,082 विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही प्रचलित है।

मा0 मुख्यमंत्री महोदय की प्रेरणा, उनके अमूल्य निर्देशन एवं अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत् माफियाओं व आपराधिक तत्वों के विरूद्ध
उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही की है, जिसके फलस्वरूप अपराध दर में अत्यधिक कमी आयी है। गैंगेस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत आपराधिक कृत्य से अर्जित की गयी लगभग 125 अरब 14 करोड़ रूपये से अधिक की चल/ अचल सम्पत्तियों पर शिकंजा कसते हुये सरकारी जमीन अवमुक्त कराने, अवैध कब्जे के ध्वस्तीकरण एवं जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है।

प्रदेश के चिन्हित 68 माफिया व उनके गैंग के सदस्यों/सहयोगियों के विरूद्ध अब तक 3,793 करोड़ रूपये से अधिक की सम्पत्ति का जब्तीकरण/ ध्वस्तीकरण एवं अवैध कब्जे से अवमुक्त की कार्यवाही गयी है।

उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिये UP Police नाम से मुख्यालय एवं प्रदेश के समस्त कमिश्नरेट/ जनपद स्तर पर व्हाट्सएप चैनल लान्च किया गया है।

''व्हाट्सएप कम्युनिटी फीचर'' के माध्यम से पुलिस मुख्यालय स्तर से जारी होने वाले निर्देशों जनपदीय पुलिस के सराहनीय कार्यो तथा भ्रामक खबरों के खंडन को प्रदेश के प्रत्येक पुलिस कर्मी तक पहुंचाने हेतु ''व्हाट्सएप कम्युनिटी फीचर'' प्रारम्भ किया गया है। पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में तकनीकी सेवाओं द्वारा थाने स्तर की पुलिसिंग, पर्यवेक्षण, संसाधनों के उचित प्रयोग व Big Data Analysis से क्राइम एनालिटिक्स एंड प्रिडिक्टिव पुलिसिंग का नया पोर्टल लॉन्च किया गया है।

हाल ही में श्रीराम जन्मभूमि, तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति स्थापना (प्राण प्रतिष्ठा) तथा मन्दिर उद्घाटन कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार तथा देश/विदेश एवं भारत के विभिन्न राज्यों से अतिविशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों, गणमान्य व्यक्तियों तथा भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रम को कुशल पुलिस प्रबन्धन व सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था से सद्भावपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक सकुशल सम्पन्न कराया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैं पुनः आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ और अपेक्षा करता हूँ कि कठिन परिश्रम, निष्ठा, ईमानदारी व उत्तम
आचरण से अपनी बेहतर छवि को आम जनमानस में उज्जवल बनाये रखने की दिशा में निरन्तर अग्रसर रहेंगे और कठिन परिश्रम, निष्ठा, ईमानदारी और उत्तम आचरण से पुलिस की छवि उज्जवल बनाने के प्रति अग्रसर रहेंगे।

जय हिन्द !






उत्तर प्रदेश पुलिस
मुख्यालय





